# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड

## ऑनलाइन परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका

## सहायक प्रबंधक (राजभाषा) पैनल वर्ष 2016

**1. <u>परीक्षा की योजना</u> :**

इस परीक्षा में निम्नलिखित प्रश्नावलियाँ होंगी :

| अनु. क्र. | प्रश्नावली के नाम | प्रश्न.सं. | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| | **पेपर ।** | | | |
| 1. | तर्किक परीक्षा | 35 | 35 | 120 मिनट |
| 2 | अंग्रेजी भाषा | 35 | 35 | |
| 3. | सामान्य ज्ञान (बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वाणिज्य एवं संबंधित विषयों के विशेष संदर्भ में) | 35 | 35 | |
| 4 | व्यावसायिक ज्ञान (राजभाषा नीति सहित) | 45 | 45 | |
| | उपजोड़ | 150 | 150 | 120 मिनट |
| 5. | पेपर-II वर्णनात्मक पेपर (राजभाषा नीति) | | 50 | 60 मिनट |
| | **कुल** | | **200** | |

(i) पेपर- । में (प्रश्नावली क्रम संख्या 1-4) अभ्यर्थी द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का ¼ भाग दंडस्वरूप काट लिया जाएगा।

(ii) पेपर-II (कंप्यूटर/पेपर आधारित) : पेपर-II अभ्यर्थी की अंग्रेजी से हिंदी और इसके विपरीत अनुवाद कार्य करने तथा भारत सरकार की राजभाषा नीति की आधारभूत जानकारी की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए 50 अंक का एक घंटे की अवधि के लिए होगा ।

नोट: (i) पेपर-I और पेपर- II परीक्षा उसी दिन उसी सत्र में बगैर किसी अंतराल के आयोजित कराया जाएगा। (ii) पेपर-I (सिवाय अंग्रेजी भाषा के टेस्ट के) और पेपर- II हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रूप में तैयार किए जाएंगे। अभ्यर्थी अपने विकल्प पर परीक्षा का उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी (जैसा लागू हो) में दे सकते हैं। अभ्यर्थी साक्षात्कार हिंदी या अंग्रेजी में दे सकते हैं।(iii) केवल उन्हीं अभ्यर्थियो के पेपर II का मूल्यांकन किया जाएगा जिन्होंने पर्याप्त रूप से उच्च समग्र अंक तथा बोर्ड के निर्णयानुसार पेपर-I की सभी प्रश्नावलियो में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त किए हों । (iv) पेपर-I और पेपर- II में प्राप्त किए गए कुल अंकों के आधार पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए शार्टलिस्ट किया जाएगा। (v) अंतिम रूप से चयन पेपर-I, पेपर-II और साक्षात्कार को मिलाकर किए गए प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

